नकली विदेशी शराब बनाने की फैक्ट्री का खुलासा

Publish Date:Fri, 06 Apr 2018 08:20 PM (IST)

गोड्डा : नगर थाना अंतर्गत पांडूबथान महतो टोला में नकली विदेशी शराब बनाने की फैक्ट्री पर हुई छापेमारी। कार्रवाई में बड़ी संख्या में नकली विदेशी शराब सहित शराब बनाने का सामान हुआ बरामद। शराब माफिया गंगाधर मंडल सहित अन्य लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की नगर थाना के पांडुबथान महतो टोला के भगतू महतो ने शराब माफिया गंगाधर मंडल को किराया में मकान दे रखा है। जहां घर के ही कुछ सदस्य गंगाधार के साथ मिलकर नकली विदेशी शराब बनाने की फैक्ट्री चला रहे है। एसडीपीओ अभिषेक कुमार के नेतृत्व में नगर निरीक्षक अशोक कुमार गिरी, पथरगामा निरीक्षक रेणु गुप्ता, सुंदरपहाड़ी थाना प्रभारी जर्नादन ¨सह, देवढाड़ थाना प्रभारी नागेन्द्र ¨सह, महिला थाना प्रभारी मोनालिसा करकेट्टा, अवर निरीक्षक सुशील झा सहित अन्य अधिकारियों ने रैप व डीएपी जवानों के साथ छापेमारी की। जहां से नकली विदेशी शराब बनाने के सामान सहित भारी मात्रा में बनी हुई शराब को पुलिस ने बरामद किया है। बरामद सामान लगभग एक ट्रक बताया जा रहा है। जब्त सामान में 11 पैकेट नकली विदेश शराब, छह जार में सौ लीटर से अधिक स्पिरिट, पै¨कग मशीन नकली स्टीकर, बोतल का ढ़क्कन बड़े पैमाने पर मिला है। इसके अलावा लगभग पचास कार्टून शराब की बोतल समेत अन्य सामान जब्त हुए है। इस बाबत एसडीपीओ अभिषेक कुमार ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी कि शराब माफिया गंगाधार मंडल जो पहले भी कई बार अवैध शराब के मामले में जेल गया है अवैध रूप से फैक्ट्री चला रहा है। इसकी निशानदेही पर छापेमारी हुई है। यह कारोबार लगभग पिछले तीन चार माह से चल रहा था। जब्त शराब को बिहार में खपाया जाता था। पुलिस नकली शराब बनाने में शामिल लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई कर रही है।

पुलिस अधीक्षक ने लिया जायजा, पुलिस टीम द्वारा नकली शराब की कार्रवाई के बाद एसपी राजीव रंजन ¨सह स्वयं पांडूबथान पहुंचकर मामले की जानकारी ली। साथ ही अवैध नकली शराब की फैक्ट्री चलाने वाले दोषी पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके साथ ही सभी थाना प्रभारी को अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। अन्य थानों में इसको ले अभियान चलाने को कहा।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/godda-fake-alcohol-brewing-factory-raid-17786426.html